कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जोधपुर

केन्द्रीय कारागार के सामने, जोधपुर. दूरभाषः 0291–2511085 फैक्सः 2511185 / email:- cmho-jod-rj@nic.in

क्रमांक : ई–संविदा / युटीबी / 2023 / 4813 दिनांक : 01 / 09 / 2023

नर्सिंग एवं पैरामेडिकल यू.टी.बी भर्ती–2023 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु आवश्यक सूचना

इस कार्यालय स्तर से आवश्यक अस्थाई आधार (यूटीबी) पर प्रक्रियाधीन नर्सिंग एवं पैरामेडिकल भर्ती–2023 के क्रम में पूर्व जारी विज्ञप्ति क्रमांकः ई–संविदा / 2023 / 4471 दिनांक 17.08.2023 के संदर्भ में आवेदकों को सूचित किया जाता है कि, नर्सिंग ऑफिसर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, लैब टैक्निशियन, सहायक रेडियोग्राफर एवं फार्मासिस्ट के पदों हेतु अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में अंकित डेटा / प्रविष्टियों के आधार पर आवेदक की श्रेणी व वर्गवार मेरिट, आरक्षण एवं रोस्टर नियमों के अनुसार लगभग **2 गुना** आवेदकों का दस्तावेज सत्यापन का कार्य निम्न सारणी अनुसार किया जायेगा, अतः आमंत्रित आवेदक निर्धारित दिनांक एवं समयानुसार सारणीनुसार स्थान पर व्यक्तिगत रूप से **चैक लिस्ट** एवं इसके साथ समस्त शैक्षाणिक / व्यवसायिक, सम्बन्धित स्टेट कौंसिल द्वारा जारी वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, राजकीय संस्थान में कार्य **अनुभव का प्रमाण–पत्र, विधवा, तलाकशुद्धा, विशेष योग्यजन, उत्कृष्ठ खिलाडी प्रमाण पत्र (अगर लागू हो)**, मूल निवास / जाति प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड इत्यादि अन्य सभी दस्तावेजों की स्व सत्यापित फोटो प्रति तथा मिलान हेतु संबंधित समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

क्र.स.	पदनाम	दिनांक	सूचीयों का विवरण	दस्तावेज सत्यापन स्थल
1	फार्मासिस्ट	04.09.2023	श्रेणी व वर्गवार मेरिट (सूची–1)	स्वास्थ्य भवन, केन्द्रीय कारागृह के सामने, जोधपुर
2.	लैब टेक्नीशियन		श्रेणी व वर्गवार मेरिट (सूची–2)	
3.	सहायक रेडियोग्राफर		श्रेणी व वर्गवार मेरिट (सूची–3)	
4	महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता	05.09.2023	श्रेणी व वर्गवार मेरिट (सूची–4)	ANM प्रशिक्षण केन्द्र, उम्मेद अस्पताल परिसर, जोधपुर
5	नर्सिंग ऑफिसर	06.09.2023	श्रेणी व वर्गवार मेरिट (सूची–5)	स्वास्थ्य भवन, केन्द्रीय कारागृह के सामने, जोधपुर
			समस्त आवेदनकर्ता (विशेष योग्यजन एवं उत्कृष्ट खिलाडी) (सूची–6)	ANM प्रशिक्षण केन्द्र, उम्मेद अस्पताल परिसर, जोधपुर
6		07.09.2023	दस्तावेज सत्यापन हेतू जयपुर जाने के कारण वंचित रहे अभ्यार्थियों हेतू	स्वास्थ्य भवन, केन्द्रीय कारागृह के सामने, जोधपुर

दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाये जाने का तात्पर्य आवेदक की पात्रता की जॉच करने मात्र से है एवं यह किसी भी रूप में मेरिट में चयन किया जाना नहीं है। आवेदकों की मेरिट सूची व कट ऑफ, दस्तावेज सत्यापन के परिणाम पर निर्भर होगी। दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को पुनः अवसर नहीं दिया जायेगा अतः इनकी पात्रता स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी। ई–मेल, डाक या अन्य किसी माध्यम से भिजवाये गये दस्तावेज मान्य नहीं होंगें तथा संबन्धित अभ्यर्थी को स्वयं अपने मूल दस्तावेजो के साथ निर्धारित दिनांक एवं स्थान पर समय प्रातः 9.30 से सांय 5 बजे के मध्य उपस्थित होना आवश्यक होगा। अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा / अन्य भत्ता देय नहीं होगा। कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित आवेदकों की सूचियॉ अवलोकन हेतु वेबसाईट https://jodhpur.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(डॉ. जितेन्द्र पुरोहित)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जोधपुर